आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 30 दिसंबर, 2023
www.azadsipahi.in



सीटी बजाओ-उपस्थिति बढ़ाओ : अभियान से बच्चों के अंदर बढ़ रही नेतृत्व क्षमता

# आउट ऑफ स्कूल और ड्रापआउट बच्चों को भी स्कूल लाने का प्रयास

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** सिमडेगा जिले के सरकारी स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति शत प्रतिशत करने और उनकी उपस्थिति बढ़ाने के उद्देश्य से शुरू किये गये अनोखे सीटी बजाओ-उपस्थिति बढ़ाओ अभियान का असर दिख रहा है। इस अभियान से ना केवल स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति बढ़ रही है, बल्कि बच्चों में नेतृत्व क्षमता का भी विकास हो रहा है।

सुबह आठ बजे स्कूल जाने के दौरान गांव-टोले में एक-एक मॉनिटर के नेतृत्व में स्कूली बच्चे स्कूल ड्रेस पहन कर सीटी बजाते हुए स्कूल जाते हैं, जिससे अभिभावकों को यह पता चल जाता है कि स्कूल खुला है और उन्हें अपने बच्चों को भी स्कूल भेजना है। सीटी ग्रामीण इलाकों में अलार्म का काम करती है, जिससे अभिभावकों के साथ बच्चे भी स्कूल की तैयारी में लग जाते हैं।

छात्र सीटी बजाते हुए उन घरों के सामने से गुजरते हैं, जहां रहनेवाले बच्चे स्कूल में पढ़ाई कर रहे हैं। अपने सहपाठी को अपने साथ लेते हुए ये बच्चे स्कूल जाते हैं, जिसके स्कूलों में उपस्थिति की दिशा में सकारात्मक परिणाम देखने को मिले हैं। इस अभियान के शुरू होने के बाद बच्चे अभिभावकों को स्कूल बंद होने जैसा बहाना नहीं बना पाते हैं।

इस अभियान के तहत हर गांव-टोले के एक एक बच्चे को सीटी दी जाती है और उसे 20 से 25 बच्चे को स्कूल लाने की जिम्मेदारी दी जाती है। जिस बच्चे को यह जिम्मेदारी मिलती है, उसके अंदर प्रबंधन और नेतृत्व कौशल का भी जबरदस्त विकास होता है। गांव-टोले के अभिभावकों को यह मालूम होता है कि यदि उन्हें स्कूल से संबंधित कोई जानकारी चाहिए तो वह संबंधित छात्र से जानकारी ले सकता है। इतना ही नहीं, सीटी बजाने की जिम्मेदारी जिन बच्चों के कंधों पर होती है, वह गांव-टोलो में छात्रों के प्रतिनिधि की भूमिका भी निभाते हैं। हर स्कूल के बच्चों को चार हाउस में बांटा जाता है, हर हाउस के कप्तान को सीटी दी जाती है। साथ ही हर कक्षा के मॉनिटर को भी सीटी दी जाती है।

# स्वच्छता पखवाड़ा 31 तक मनेगा

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** राष्ट्रीय कृषि उच्चतर प्रसंस्करण संस्थान नामकुम में 31 दिसंबरतक स्वच्छता पखवाड़ा मनेगा। प्रधानमंत्री द्वारा महात्मा गांधी के स्वच्छ और स्वस्थ भारत बनाने के सपने को पूरा करने के लिए शुरू किये गये सरकार के महत्वपूर्ण कार्यक्रम स्वच्छ भारत मिशन के तहत कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय ने दिसंबर 2023 के दूसरे पखवाड़े के दौरान स्वच्छता पखवाड़ा शुरू किया। इस पखवाड़े की शुरुआत 16 दिसंबर को संस्थान के कर्मचारियों द्वारा की गयी। इस अवधि के दौरान परिसर और परिसर के बाहर सफाई और स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसमें कर्मचारियों, छात्रों, किसानों और आम नागरिकों को शामिल किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष डॉ त्रिलोचन महापात्र ने संस्थान परिसर में पौधरोपण किया।

स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान सीवरेज और पानी की लाइनों की सफाई की गयी। इस अभियान के अंतर्गत आवासीय कॉलोनियों और आसपास के गांवों में रसोई से निकालनेवाले अपशिष्ट जल की रिसाइक्लिंग और जल संचयन के बारे में जागरूकता पैदा की गयी। प्लास्टिक कचरे के प्रबंधन, जैविक कचरे के उपयोग और कचरे से धन सृजन पर जागरूकता का कार्यक्रम भी बनाया गया। सामुदायिक अपशिष्ट के निपटान स्थलों/कंपोस्ट गड्ढों का दौरा किया गया। कृषक समुदाय को शामिल करके जैव-डिग्रेडेबल/गैर- जैव - डिग्रेडेबल कचरे के उपचार और सुरक्षित निपटान के बारे में जागरूकता पैदा की गयी।

# फुटबॉल प्रतियोगिता को लेकर भूमि पूजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** जयपाल सिंह मुंडा फुटबॉल प्रतियोगिता की शुरुआत से पहले जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम का भूमि पूजन पाहनों के द्वारा किया गया। केंद्रीय सरना समिति के द्वारा आगमी तीन जनवरी से 5 जनवरी 2024 तक मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की जंयती के शुभ अवसर पर तीन दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित की गयी है। इसी को लेकर जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम कचहरी रोड रांची में मुख्य पाहन जगलाल पाहन की अगुवाई में प्रतियोगिता की सफलता की विनती की गयी। केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष बबलू मुंडा ने कहा कि जयपाल सिंह मुंडा फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ 3 जनवरी से होगा। मौके पर जगलाल पाहन, अशोक उरांव, जगरनाथ तिर्की, शिवधन मुंडा, लक्ष्मण मुंडा, विसवास उरांव, पुनीत कुजूर, डब्लू उरांव, सुरेंद्र लिंडा, मुन्ना लकड़ा, राजू पहान, सुकरा पहान, जैना पहान, मुकेश मुंडा, आनंद पहान, गुड्डू पहान (खेल प्रभारी) मंगल मिंज, सरोज नाथ महतो आदि उपस्थित थे।

# लुबना मिर्जा ने झारखंड बिरसा सेना का दामन थामा



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** इटकी रोड स्थित झारखंड बिरसा सेना पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में महिला सक्रिय सदस्य बहन सुमित्रा गाड़ी ने माला पहना कर बरियातू से लुबना मिर्जा को झारखंड बिरसा सेना पार्टी की सदस्यता दिलायी। इस मिलन समारोह कार्यक्रम में मुख्य रूप से पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष रवि कुमार, प्रधान महासचिव अभिषेक कुमार, सदस्य आनंद शंकर, नाजिश हुसैन, रामचरित्र महतो, कृष्णा चौबे, शैलेंद्र महतो, जयप्रकाश साहू, हरे राम सिंह, संतु कुमार आदि मौजूद थे।

# सीएमपीडीआइ के छह कर्मी रिटायर

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** सीएमपीडीआइ के छह कर्मियों की सेवानिवृत्ति के अवसर पर संस्थान के कांफ्रेंस हॉल में एक विदाई-सह-सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इनमें डॉ प्रभात कुमार-विभागाध्यक्ष (इपी एंड सीएम), एसबी बनर्जी-प्रबंधक (कार्मिक), अशोक रजक-कार्यालय अधीक्षक, नवीन कुमार सिंह-डीसीएम, शिवजी वर्मा-लैब टेक्नीशियन और बुधन यादव-कैट-6 शामिल हैं। इस मौके पर सीएमपीडीआइ के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक मनोज कुमार ने सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों को पौधा, मान-पत्र, प्रतीक चिह्न सम्मानित किया।

# आरएस फाउंडेशन ने कंबल वितरित किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** राजधानी में सर्दी का प्रकोप चरम सीमा पर है। इस भीषण ठंड को देखते हुए आरएस फाउंडेशन के निदेशक दीपक बंका ने शारदा ग्लोबल स्कूल के चतुर्थवर्गीय कर्मचारी, सुरक्षाकर्मी और बस चालकों के बीच कंबल का वितरण किया।

निदेशक दीपक बंका ने सभी को ठंड से बच के रहने के लिए कहा। इस अवसर पर स्कूल के पंकज बंका, बजरंग गुप्ता, संतोष कुमार, प्रशांत कुमार आदि उपस्थित थे।

जलाशय और छोटी नदियों को बचाने की कवायद

# 11 नदी में आरसीसी पिलर से कैचमेंट एरिया की होगी मार्किंग

आजाद सिपाही संवाददाता



**फर्स्ट फेज में 105 करोड़ होगा खर्च**

**वाटर वेज विंग पहले चरण में चार नदियों के संरक्षण पर 105 करोड़ रुपये खर्च किया जायेगा। एक साल में चार नदियों के कैचमेंट एरिया को दर्शाने का काम पूरा होना है। पहले चरण के तहत नदियों के तहत दोनों तरफ बसावट क्षेत्र में आरसीसी की दीवार भी बनायी जायेगी।**

**रांची।** झारखंड जल संसाधन विभाग अब जलाशयों के अलावा छोटी नदियों को बचाने की योजना पर भी काम करेगा। इसके तहत नदियों के कैचमेंट एरिया और उस एरिया में अतिक्रमण करनेवालों को चिह्नित कर कार्रवाई की जायेगी। वहीं दूसरी तरफ छोटी नदियों को स्थानीय कब्जेधारियों से बचाने के लिए उद्गम स्थल से जिला सीमांकन तक चहारदिवारी की जायेगी। नदियों के कैचमेंट एरिया को आरसीसी पिलर से दर्शाया जायेगा, ताकि उस पिलर के अंदर कोई व्यक्ति कब्जा कर निर्माण कार्य नहीं करे।

जल संसाधन विभाग की वाटर वेज विंग रांची ने पहले चरण में तीन नदियों के कैचमेंट एरिया की मार्किंग को लेकर काम शुरू कर दिया है। टेंडर प्रकिया से एजेंसी का चयन होना है। पहले चरण में स्वर्णरेखा नदी, जुमार नदी और हरमू नदी के कैचमेंट एरिया की मार्किंग होगी। आरसीसी पिलर से मार्किंग को दर्शाया जायेगा। स्थानीय अंचल कार्यालय मार्किंग कार्य में सहयोग करेगा। कैचमेंट एरिया मार्किंग योजना की विस्तृत जानकारी विभाग द्वारा हाइकोर्ट को भी उपलब्ध करायी जायेगी।

# सड़कों पर ट्रैफिक का अतिरिक्त बोझ

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** राजधानी रांची के मोरहाबादी मैदान में झारखंड सरकार के चार साल पूरा होने के उपलक्ष्य में शुक्रवार को राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें राज्यभर के लोग शामिल होने के लिए रांची पहुंचे। इस वजह से शहर की अधिकतर सड़कों पर ट्रैफिक का अतिरिक्त लोड बढ़ गया। बरियातू रोड पूरी तरह से जाम में फंसा रहा। हालांकि, रांची के बाहर से बस से आनेवाले लोगों और स्कूली बच्चों को बरियातू स्थित डीआइजी ग्राउंड में पार्किंग की व्यवस्था की गयी थी। विभिन्न जिलों से लाभुक इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए बसों से रांची पहुंचे। ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गयी। बड़े-बड़े बस में सवार होकर लोग कार्यक्रम स्थल मोरहाबादी में आने के लिए शहर के अंदर आये। रांची के करमटोली चौक पर डीटीओ प्रवीण कुमार और डीएसपी जीतवाहन उरांव खुद ट्रैफिक व्यवस्था को संभालने में जुटे रहे। सुरक्षा को लेकर हर चौक चौराहे पर पुलिस की अतिरिक्त व्यवस्था की गयी थी। कार्यक्रम स्थल पर भी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये थे। डीसी राहुल कुमार सिन्हा, एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा, सिटी एसपी राजकुमार मेहता खुद सुरक्षा की मॉनिटरिंग कर रहे थे।

# सेल सिटी लेडीज क्लब ने मिठाई खाद्यान्न के पैकेट वितरित किये

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** सेल सिटी लेडीज क्लब ने नववर्ष के पूर्व अपनी कॉलोनी में काम करने वाले सैकड़ों सुरक्षाकर्मी, सफाईकर्मी एवं घरेलू कामकाज की सहयोगी महिलाओं के बीच मिठाई एवं खाद्यान्न के पैकेट वितरीत किये। क्लब की अध्यक्ष अनिता गुप्ता ने कहा कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी क्लब ने अपने सामाजिक दायित्वबोध का निर्वाह करते हुए अपने सभी सहयोगी कर्मियों एवं उनके परिवार के लिए उन्हें उपहार स्वरूप मिठाई और खाद्यान्न सामग्री वितरितकी। कहा कि वर्ग के लोगों से यह अनुरोध है कि वे भी स्वयं नववर्ष का उत्सव मनाने से पहले अपने उन तमाम सहयोग कर्मियों के लिए क्षमतानुसार कुछ करें, जिनके सहयोग से सालों भर वे खुशहाल जीवन जीते हैं। कार्यक्रम का आयोजन सेल सिटी क्लब हॉल में संपन्न हुआ, जिसमें रीमा उपाध्याय, नूतन, सुनीता प्रसाद, सरोज सिंह सहित कई महिला सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। गौरतलब है कि रांची के सेल सिटी में सैकड़ो की संख्या में कामगार कार्य करते हैं।

# न्यूटन ट्यूटोरियल्स का आइआइटी और मेडिकल की तैयारी पर सेमिनार

**परचम लहराने को लेकर दिया मंत्र**

आजाद सिपाही संवाददाता



**चतरा।** शहर के सेलिब्रेशन आइएनएन में शुक्रवार को न्यूटन ट्यूटोरियल्स की ओर से सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार का विषय था-आगामी आइआइटी (जेइइ) और मेडिकल के परीक्षाओं में कैसे ज्यादा से ज्यादा अंक-अच्छा रैंक प्राप्त किये जाये। भविष्य में इन परीक्षाओं के लिए बच्चे कैसे योजनापूर्ण ढंग से तैयारी करे, ताकि सफलता प्राप्त किये जाय। मौके पर बोलते हुए मदन मोहन ने बताया कि बच्चो को किन बिंदुओं पर ध्यान देना चाहिए। रसायन विज्ञान के शिक्षक पंकज कुमार ने बताया कि लगातार प्रयास का जरूरत है। भौतकी के शिक्षक प्रणव कुमार ने भौतकी की तैयारी से सम्बंधित जानकारी दी और समारोह के अंत मे न्यूटन ट्यूटोरियल्स के डाइरेक्टर इमरान अली ने बोर्ड और प्रतियोगिता परीक्षा के अन्तर को स्पष्ट किया। इमरान अली के अनुसार जेइइ एवं मेडिकल की तैयारी के लिए सबसे उपयुक्त समय है। हालांकि अगर योजना समय रहते योजना बनाते है, तो बहुत ही अच्छा है। तैयारी शुरू करने से पहले नौ और दस में अपना बेसिक जरूर सुधार ले, ताकि आगे आपको कठिनाइयों का सामना न करना पड़ें।

पंकज कुमार एवं मदन मोहन के अनुसार लोगों के मन में भ्रम है कि जेइइ या मेडिकल की परीक्षा काफी कठिन होती है, जबकि वास्तविकता कुछ और ही है। इन्होने पाई चार्ट की मदद से समझाने की कोशिश की। पिछले पांच सालों में आये हुए प्रश्न पत्र पर नजर डालने से यह प्रतित होता है कि लगभग 40-50 प्रतिशत प्रश्न काफी ही आसान होते हैं, जो किसी भी मेहनत करने वाले बच्चे से बन सकता है। प्रणव कुमार के अनुसार अगर मेडिकल के लिए बच्चे एनसीइआरटी की पुस्तक पर ज्यादा से ज्यादा ध्यान दें, तो अधिक फायदा होगा। नकारात्मक प्रश्न को छोड़ने में ही भलाई है। उनके अनुसार पढ़ाई को बोझ न समझे, उसे एंज्वाय करते हुए अपने लक्ष्य तक पहुंचे। क्विज प्रतियोगिता में डीएवी पब्लिक स्कूल, एसएस +2 हाइस्कूल, नाजरेथ स्कूल, आइटीएसवीएम चतरा के बच्चों के बीच पुरस्कार वितरित किया गया। इसमें अंशुमन कुमार, अनुज कुमार, अनुभव कुमार, आशीष कुमार साहू, दिव्यांशु शिवम, काजल कुमारी, युवराज कुमार, प्रेरणा कुमारी, रितेश कुमार, आशीष कुमार, सुमित कुमार, सचिन कुमार, प्रिया कुमारी, चांदनी कुमारी, साधना कुमारी, वर्षा रानी, ??पिया यूएसएच कुमार, हर्ष राज, आयुष कुमार गुप्ता, उज्जवल कुमार, पप्पू कुमार, इशिका सिंह, सोनी कुमारी, सुचेता कृपाणि, आस्था सिंह, प्रेमलता कुमारी, सोनम कुमारी, समृद्धि जायसवाल, अनुभव कुमार, नीरज कुमार, दीपक कुमार, करिश्मा कुमारी केएसजे पिंटू कुमार को पुरस्कार प्रदान किया गया।

## आइपीएस अनुराग गुप्ता ने पदभार किया ग्रहण

**रांची (आजाद सिपाही)। आइपीएस अनुराग गुप्ता ने एसीबी डीजी का पदभार गुरुवार को ग्रहण किया। अनुराग गुप्ता वर्तमान में सीआइडी डीजी के पद पर पदस्थापित हैं। सरकार ने बुधवार को कई आइपीएस का तबादला किया था। इनमें अनुराग गुप्ता को एसीबी डीजी का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। अनुराग गुप्ता एडीजी ट्रेनिंग, एडीजी स्पेशल ब्रांच समेत कई महत्वपूर्ण पद पर पदस्थापित रह चुके हैं।**

## भारतीय मजदूर संघ का अधिवेशन आज से

**रांची (आजाद सिपाही)। भारतीय मजदूर संघ झारखंड प्रदेश का त्रिवार्षिक अधिवेशन रांची में 30 और 31 दिसंबर को होगा। प्रदेश मंत्री सुनील कुमार ने शुक्रवार को बताया कि धुर्वा स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में अधिवेशन होगा। इसमें मजदूर और कर्मचारियों के हितों के लिए समसामयिक विषयों पर विस्तार से चर्चा की जायेगी। उन्होंने बताया कि भारतीय मजदूर संघ झारखंड में भी मजदूरों का सबसे बड़ा संगठन बने, इसके लिए प्रयास किया जायेगा।**

# बरियातू में रिम्स कर्मी को मारी गोली

आजाद सिपाही संवाददात

**रांची।** बरियातू थाना क्षेत्र के चांडिल मैदान के पास रिम्स कर्मी को अज्ञात अपराधियों ने गोली मार कर घायल कर दिया। यह घटना गुरुवार की देर रात हुई। घायल व्यक्ति का नाम कृष्णा मलिक है और वह रिम्स में कार्यरत है। फिलहाल रिम्स में कृष्णा का इलाज चल रहा है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि गुरुवार की देर रात लगभग 12 बजे राजेश मलिक अपने कुछ दोस्तों के साथ पार्टी कर रांची के ओरमांझी से बरियातू स्थित घर लौट रहा था। जैसे ही कृष्णा डॉक्टर्स कॉलोनी को पार करके चांडिल मैदान के पास पहुंचा, वहां पहले से ही मौजूद दो अपराधियों ने पीछे से उस पर फायरिंग कर दी। फायरिंग में गोली कृष्णा के कंधे के पास जा लगी। बरियातू पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, गोलीबारी की वारदात की सूचना गुरुवार की रात बरियातू पुलिस को नहीं दी गयी। गोलीबारी में घायल कृष्णा मलिक की स्थिति खतरे से बाहर है।

# सीसीएल अधिकारियों की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** सीसीएल निदेशक हर्षनाथ मिश्र की अध्यक्षता में सीसीएल के जनसंपर्क अधिकारियों की गुरुवार को बैठक हुई। इसमें क्षेत्रों सहित मुख्यालय के जनसंपर्क के नोडल अधिकारियों ने भाग लिया। हर्षनाथ मिश्र ने कहा कि आज के वर्तमान परिप्रेक्ष्य में कंपनी की उपलब्धियों और जन-कल्याणकारी कार्यों को हितधारकों तक पहुंचाने में जनसंपर्क की भूमिका अत्यंत ही महत्वपूर्ण हो जाती है। विभागाध्यक्ष आलोक कुमार ने कंपनी द्वारा की जा रही जनसंपर्क गतिविधियों के बारे में विस्तार से चर्चा की। बैठक में आगामी कोल इंडिया मैराथन 2024 में व्यापक जनभागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रचार-प्रसार की रणनीतियों पर विमर्श किया गया। सभी नोडल अधिकारियों ने इस संदर्भ में रचनात्मक सुझाव दिये।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW



### जादूगर करण का जादू का शो रहा आकर्षण का केंद्र

# कार्निवल का दूसरा दिन : मैजिक शो, डांस प्रतियोगिता की धूम रही

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** मछली घर में अयोजित कार्निवल के दूसरे दिन शुक्रवार को भी कार्यक्रमों और प्रतियोगिताओं की धूम रही। बड़ी संख्या में लोगों ने कार्निवल आकर आनंद उठाया। सबसे पहले स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बेस्ट बिंदी कंपटीशन का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं और युवतियों ने 'तेरी बिंदिया रे' गीत की धुन पर रैंप वॉक किया। चॉकलेट ईटिंग कंपटीशन में सैकड़ों की संख्या में बच्चों ने हिस्सा लिया। इसे कई राउंड में करना पड़ा। देर शाम 'मैजिक शो आकर्षण का केंद्र रहा, जहां जादूगर करण ने कई तरह का जादू दिखाया। मुख्य जादू में मीना बाजार में जादूगर ने जादू की पेटी से बच्चों के लिए गिफ्ट और खिलौना निकाला। जादूगर ने एक ब्लेड खाकर मुंह से 100 ब्लेड निकाले। सेल्फी टाइम का थीम था ' सेल्फी विद एनाकोंडा'। लोगों ने एनाकोंडा की तस्वीर के मुंह में सर घुसा कर सेल्फी खींची। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण बच्चों का डांस कंपटीशन रहा। इसके बाद देर शाम चुरा के दिल मेरा कपल डांस कंपटीशन में कई कपलों ने भाग लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रतुल शाहदेव, डॉ विद्या झा, सत्य प्रकाश चंदेल, अहसन अली, लोकेश, राहुल शाहदेव, सौरव, आनंद आदि सक्रिय रहे। इवेंट्स का आयोजन सिनेमैटिका के द्वारा किया जा रहा है, जिसमें मुख्य रूप से अभिषेक, अनुष्का, खुशबू सौम्या, आकाश, आदित्य, पीयूष, आदित्य, अभिषेक, शिवेश, अश्का, शगुन, अंशु, सलोनी, सत्यम सक्रिय हैं।

**प्रतियोगिता के विजेता**

स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता- (10 साल से नीचे ) 1. जानवी 2.आराध्या 3.सृष्टि (10 साल से ऊपर) 1. सुष्मिता 2. स्वीटी कुमारी 3.श्वेता सिंह जैम (जस्ट ए मिनट) शो, फर्स्ट राउंड - अभय सिन्हा, सेकंड राउंड - गायत्री कुमारी, बेस्ट बिंदिया प्रतियोगिता - 1.राजहिशा 2. रजनी 3. खुशबू, चॉकलेट ईटिंग प्रतियोगिता - 1. अधिराज 2.आयुष 3. रौनक, टैलेंट हंट - 1. बिंदू 2. सृष्टि कुमारी 3. कौशिक

**30 दिसंबर के कार्यक्रम**

11:30 -ड्राइंग प्रतियोगिता 12:00- जैम शो, 12:30 - बेस्ट टैटू प्रतियोगिता, 2:00- बेस्ट फुटवियर प्रतियोगिता, 3:00- हेल्दी बेबी शो (2 वर्ष तक), 4:00-चॉकलेट ईटिंग, प्रतियोगिता, 4:30- सेल्फी टाइम 5:00 -बच्चों के लिए फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, 5:30- मिस ड्रीम गर्ल एंड मिस्टर केसरिया कैटवॉक प्रतियोगिता, 7:30 - आउटफिट प्रतियोगिता (थीम ब्लैक कलर), 8:30-लकी ड्रा

# रांची प्रेस क्लब के अध्यक्ष बने सुरेंद्र सोरेन

### धर्मेंद्र गिरी उपाध्यक्ष, अमरकांत सचिव और कुबेर कोषाध्यक्ष बने







**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रांची प्रेस क्लब का चुनाव शुक्रवार को हुआ। इसमें सुरेंद्र लाल सोरेन अध्यक्ष निर्वाचित हुए। सुरेंद्र सोरेन को 335 वोट मिले। वहीं उनके प्रतिद्वंदी दिव्यांशु झा को 256 वोट मिले। इस तरह सुरेंद्र सोरेन ने 79 वोटों से जीत दर्ज की। वहीं उपाध्यक्ष पद पर धर्मेंद्र गिरी ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी प्रभात कुमार सिंह को हरा कर उपाध्यक्ष पद पर बाजी मारी। धर्मेंद्र गिरी को 294 वोट मिले। क्लब के नये सचिव अमरकांत बने। सचिव पद का मुकाबला करीबी रहा। अमरकांत ने अभिषेक को 1 वोट से मात दी। रिकाउंटिंग के बाद ये फैसला हुआ। कोषाध्यक्ष पद पर कुबेर प्रसाद सिंह विजयी हुए। चुनाव में 34 प्रत्याशियों ने अलग-अलग पदों के लिए दावेदारी पेश के थी। इसमें अध्यक्ष पद के लिए 3 उम्मीदवार थे। इस चुनाव में 682 वोटरों में 599 ने मतदान किया।

**अध्यक्ष पद**
सुरेंद्र सोरेन - 335 वोट
दिव्यांशु झा - 256 वोट
राजेश श्रीवास्तव - 06 वोट

**उपाध्यक्ष पद**
धर्मेंद्र गिरी - 294
सैयद शहरोज कमर - 143
प्रभात कुमार सिंह - 159

**सचिव पद**
अमरकांत - 213 वोट
अभिषेक सिन्हा - 212 वोट
सरफराज कुरैशी - 91

**संयुक्त सचिव**
रतनलाल - 238 वोट
रंगनाथ चौबे - 219 वोट
मुकेश - 139 वोट

**कोषाध्यक्ष**
कुबेर प्रसाद सिंह - 320
अशोक गोप - 189
एएसआरपी मुकेश - 087

# भविष्य बताने का झांसा देकर महिला से ठगी

### 'देखो दिख रहीं दुर्गा जी... और गहने से भरे पर्स लेकर हो गये फरार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** राजधानी में अब भविष्य बताने का झांसा दे कर भी सरेआम ठगी को अंजाम दिया जाने लगा है। ताजा मामला रांची के जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र के हवाई नगर रोड का है। हवाई नगर में रहने वाली महिला मधु पांडेय से तथाकथित ठगों ने भविष्य बताने का झांसा देकर उनका मोबाइल और जेवरात ठग फरार हो गए। घटना गुरुवार की है। इस संबंध में मधु पांडेय में दो अज्ञात अपराधियों के खिलाफ जगन्नाथपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है।

**देखो दिख रहीं दुर्गा जी... और लेकर फरार हो गया पर्स :** पीड़िता ने पुलिस को बताया कि गुरुवार दिन के साढे तीन बजे वह बिरसा चौक से दूध लाने के लिए घर से निकली थी। इसी क्रम में जब वह हवाई नगर रोड नंबर छह के पास पहुंची तो इसी दौरान दो लोग उनके पास पहुंचे और कहा कि वे हरिद्वार से आयें हैं। वे लोग भविष्य देखते हैं और अगर खराब समय आने वाला है तो उसके लिए पूजा कर उसे ठीक करते हैं। चुकी महिला के दो बच्चे ही हैं यह सुनते ही पीड़िता ठगों के झांसे में आ गई। इसी दौरान ठगों ने पीड़िता से शरीर में पहने जेवरात खोलकर पर्स में रखने की बात कही। कहा कि फिलहाल गहने पहनना आपके हित में नहीं है। इसलिए सड़क पर गहने पहनकर नहीं घूमना चाहिए। पीड़िता उनकी बातों आकर सोने का चेन और कान का झुमका को पर्स में रख दिया। इसी बीच ठगों ने पीड़िता को मंदिर की तरफ दिखाकर कहा कि देखो दुर्गा जी दिखाई दे रहीं हैं। जैसे ही महिला मंदिर की तरफ देखा, उसी दौरान दोनों ठग महिला से पर्स झपट कर फरार हो गए। महिला उन्हें देखते ही रह गयी और वे फरार हो गयो।

**महिला ने थाने में दर्ज करवाया मामला :** ठगी का शिकार होने के बाद महिला सीधे रांची के जगन्नाथपुर थाना पहुंची और वहां अज्ञात ठगों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया। वहीं दूसरी तरफ दर्ज प्राथमिकी के आधार पर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। ठगों की पहचान करने लिए पुलिस उस इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरा खंगाल रही है।

**छुट्टी मनाने गया परिवार, नगदी समेत चार लाख के जेवरात ले उड़े चोरः** वहीं, दूसरा मामला भी रांची के जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र के हटिया सिंह मोड़ का है। यहां एक बंद घर को चोरों ने निशाना बनाते हुए चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। चोरों ने नगदी समेत चार लाख रुपए के जेवरात समेत अन्य सामान की चोरी कर ली। इस संबंध में अर्चना कुमारी ने जगन्नाथपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है।

# राज्य में निराशा, सरकार जश्न में डूबीः प्रतुल

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने राज्य सरकार पर प्रहार करते हुए कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की वादाखिलाफी के कारण निराशा छा गयी है और सरकार जश्र में डूबी है। उन्होंने हेमंत सोरेन सरकार के चार वर्षों के कार्यकाल पूरा होने पर जश्न मनाने पर कहा कि 20 लाख नौकरियां देने का वादा करनेवाली सरकार हर मोर्चे पर विफल दिख रही है। शाहदेव भाजपा प्रदेश कार्यालय में शुक्रवार को पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आप जिस आदिवासी-मूलवासियों को हक देने की बात कर रहे, उसे ही लाठी-डंडों से पीटा जा रहा है। संगीन के साये में मन रहा यह जश्न का क्या औचित्य है। शाहदेव ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्यपाल से मिल कर कहा था कि अब हेमंत सोरेन पर कार्रवाई करने का वक्त आ गया है। क्योंकि एक मुख्यमंत्री कानून से भागता फिर रहा है। शाहदेव ने कहा कि इस सरकार में इमानदार अफसरों की कोई पूछ नहीं होती है। सरकार बनने के चंद महीना बाद लोहरदगा में जब दंगा हुआ था, तब विजिलेंस के एक डीएसपी ने एक रिपोर्ट दी थी। इस दंगा के पीछे रोहिंग्या मुसलमान का हाथ है, तो उस अधिकारी का रातों-रात ट्रांसफर कर दिया गया। फिर विजिलेंस के दो बड़े अधिकारियों का तबादला भी इसलिए कर दिया गया कि भाजपा के एक बड़े नेता के ऊपर कार्रवाई का दबाव बना रहे थे, लेकिन उन दोनों ने मना कर दिया था। उन्होंने कहा कि एक प्रशासनिक पदाधिकारी का भी तबादला इसलिए कर दिया गया कि उसने मुख्यमंत्री की बातों को नहीं माना। ताजा उदाहरण जेल अधीक्षक रॉबर्ट निशांत बेसरा का है, जिसकी आशंका बाबूलाल मरांडी ने ट्वीट कर जतायी थी। क्योंकि वे मुख्यमंत्री के करीबी लोगों की सल्तनत को चलने नहीं दे रहे थे। शाहदेव ने कहा कि जब भाजपा की सरकार आयेगी, तो इसकी सीबीआइ जांच की अनुशंसा की जायेगी।

# जिंदगी से खिलवाड़ करनेवाले के खिलाफ केस करेंगे : रिजवान



**रांची (आजाद सिपाही)।** राज्य हज कमेटी के पूर्व अध्यक्ष रिजवान खान ने कहा कि आज बड़े-बड़े सुपरस्टार पान मसाला का प्रचार कर रहे हैं, वे लोग बेरोजगार और युवाओं की जिंदगी से खिलवाड़ कर रहे हैं। अपने फायदे के लिए लोगों के जीवन के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। जल्द ही इन अभिनेताओं के खिलाफ कोर्ट में केस दायर करेंगे। पान मसाला के कारण लाखों लोग कैंसर से पीड़ित हैं।

# संसदीय राजभाषा समिति की बैठक




कोलकाता में संसदीय राजभाषा समिति का अनिल कुमार मिश्रा, महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे के साथ निरीक्षण बैठक।

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**कोलकाता।** संसदीय राजभाषा समिति की दूसरी उप समिति ने दिनांक 28.12.2023 को कोलकाता में महाप्रबंधक का कार्यालय, दक्षिण पूर्व रेलवे के साथ निरीक्षण बैठक की। इसकी अध्यक्षता समिति के सह संयोजक माननीय सांसद, रंजनबेन भट्ट ने की। इस दौरान दक्षिण पूर्व रेलवे तथा रेल मंत्रालय के प्रधान विभागाध्यक्षों की उपस्थिति में हो रहे राजभाषा हिंदी के कार्यों का समीक्षा किया गया तथा समिति के माननीय सह संयोजक तथा सदस्यों ने दक्षिण पूर्व रेलवे में हिंदी के उत्तरोत्तर प्रयोग-प्रसार बढ़ाने के निर्देश दिए। इस निरीक्षण बैठक में महाप्रबंधक महोदय ने दक्षिण पूर्व रेलवे की सामान्य जानकारी से संबंधित एक पावर प्वाइंट भी प्रस्तुत किया। बैठक में उपस्थित सभी माननीय सदस्यों को शॉल तथा पुस्तक भेंट कर सम्मानित किया गया। मुख्य राजभाषा अधिकारी के धन्यवाद ज्ञापन के बाद बैठक संपन्न हुई।

# सरना कोड को लेकर भारत बंद की पूर्व संध्या पर मशाल जुलूस

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**रांची।** सरना धर्म कोड को लेकर भारत बंद रेल और रोड चक्का जाम की पूर्व संध्या पर जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम से अलबर्ट एक्का चौक तक सेंगोल अभियान ने शुक्रवार की शाम मशाल जुलूस निकाला। इस मौके पर केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष फूलचंद तिर्की ने कहा की 15 करोड़ प्रकृति पूजक हैं। इसके बावजूद आदिवासियों को धार्मिक पहचान नहीं मिली है। इसके लिए वर्षों से आदिवासी समाज सरना कोड की लड़ाई लड़ रहा है। धर्मकोड नहीं होने के कारण आदिवासी को हिंदू एवं ईसाई बनाया जा रहा है।

**अनिवार्य सेवाओं को बंद से छूट**

आदिवासी संगठनों द्वारा निर्णय लिया गया कि प्रेस, मीडिया, एंबुलेंस, दूध, शादी-विवाह और स्कूल बस समेत अन्य अनिवार्य सेवाओं को बंद के दौरान प्रभावित नहीं किया जायेगा। मौके पर केंद्रीय सरना समिति के महासचिव संजय तिर्की, आदिवासी छात्र संघ के अध्यक्ष सुशील उरांव, कांके सरना समिति के अध्यक्ष रंजीत टोप्पो, रांची महानगर के अध्यक्ष कुलदीप सांगा, किसन लोहरा, महिला शाखा की अध्यक्ष नीरा टोप्पो, विनय उरांव, सुखवारो उरांव, पंचम तिर्की, सहाय तिर्की, निर्मल पहान, बना मुंडा, दीपक कुमार समेत अन्य शामिल थे।

# राष्ट्रीय स्कूली खेल प्रतियोगिता में झारखंड को छह प्रतिस्पर्द्धा की मिली मेजबानी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** वर्ष 2024 में झारखंड को पहली बार राष्ट्रीय स्कूली खेल प्रतियोगिता की मेजबानी का अवसर मिलेगा। 67वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल प्रतियोगिता के अंतर्गत छह अलग-अलग प्रतिस्पर्द्धाओं की मेजबानी करने का राज्य को मौका मिलेगा। इन प्रतियोगिताओं में अनुमानतः 5,600 से अधिक प्रतिभागी भाग लेंगे। जिन छह प्रतिस्पर्द्धाओं की मेजबानी राज्य को मिली है, उनमें फुटबॉल अंदर 14 बालक-बालिका, कबड्डी अंडर 14 बालक, वुशु अंडर 17 एवं 19 बालक-बालिका, खो-खो अंडर 14 बालक-बालिका, साइक्लिंग अंडर 14-17 और 19 बालक-बालिका शामिल है।

राज्य शिक्षा परियोजना के राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन सोरेंग ने बताया कि यह आयोजन राज्य के लिए गौरव की बात है। आयोजन के संदर्भ में शिक्षा सचिव के रवि कुमार और राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक किरण कुमारी पासी का निरंतर मार्गदर्शन मिल रहा है। दोनों पदाधिकारियों के सकारात्मक विजन और टीम के निरंतर अभ्यास से हमें अपने होमग्राउंड में पहली बार हो रही राष्ट्रीय स्कूली खेल प्रतिस्पर्द्धाओं में जीतने का मौका मिलेगा। इसे लेकर हम सभी काफी आशान्वित हैं।

# मधुपुर से गिरिडीह में संचालित हो रहा था ऑनलाइन लॉटरी का अवैध धंधा, दो धराये

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गिरिडीह।** देवघर जिले के मधुपुर से गिरिडीह में ऑनलाइन लॉटरी का अवैध कारोबार चलाया जा रहा था। इसे लेकर गिरिडीह पुलिस ने कार्रवाई की है। एसपी दीपक कुमार शर्मा को मिली सूचना पर सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अनिल कुमार सिंह और इंस्पेक्टर कमलेश पासवान की टीम ने इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। जिनकी गिरफ्तारी हुई है, उनमें मुफस्सिल थाना इलाके के बरवाडीह निवासी 60 वर्षीय मो रज्जाक अंसारी और मुख्य सरगना देवघर जिले के मधुपुर निवासी मोहन कुमार गुप्ता शामिल हैं। इनके पास से दो मोबाइल, लॉटरी-110 पीस, नगद 13530 रूपया, बिल/ इन्व्हॉइस-07 पीस बरामद किया गया है, जबकि एक स्कूटी को जब्त किया गया है। इस सफलता की जानकारी एसडीपीओ अनिल कुमार सिंह ने दी।

### ऐसे हुई गिरफ्तारी

बताया गया कि कि गुरुवार की शाम को एसपी को सूचना मिली कि बरवाडीह-पहाड़ीडीह स्कूल के पास एक व्यक्ति लॉटरी बेच रहा है। ऐसे में छापेमारी कर रज्जाक अंसारी को गिरफ्तार किया गया। पकड़ में आये व्यक्ति ने बताया कि मधुपुर का मोहन कुमार गुप्ता सरगना है, मोहन ही लॉटरी उपलब्ध करवाता है। एसडीपीओ ने बताया कि इनके पास से ऑनलाइन लॉटरी खेलने के भी साक्ष्य मिले हैं। मोबाइल में एप्प भी मिला है। इसके अलावा इस अपराध में कई लोगों की संलिप्तता भी सामने आयी है, जिनकी गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी की जा रही है।

**सरगना को पकड़ने में परेशान रही पुलिसः** इधर, बताया जाता है कि बरवाडीह में रज्जाक को गिरफ्तार करने के बाद सरगना का नाम सामने आया तो उसकी गिरफ्तारी महत्वपूर्ण थी, ऐसे में गिरिडीह पुलिस ने सरगना मोहन को पकड़ने के लिए घेराबंदी शुरू की. पुलिस की टीम मोहन को खोजने के लिए मधुपुर उसके घर जा धमकी। जो जानकारी मिली है उसके अनुसार वहां गिरिडीह पुलिस को सरगना को गिरफ्तार करने में काफी दिक्कत का सामना करना पड़ा। हालांकि, जब वरीय अधिकारियों को जानकारी मिली तब जाकर मोहन को गिरफ्तार किया जा सका और गिरिडीह लाया जा सका।

**सवारी ट्रेन रहा लॉटरी लाने का उत्तम साधनः** इधर, यह भी बताया जाता है कि इस पूरे प्रकरण में यह बात भी सामने आयी है कि सरगना मोहन विभिन्न श्रोतों से लॉटरी को गिरिडीह भेजने का काम करता था। मोहन के गिरोह के लोग मधुपुर-गिरिडीह सवारी ट्रेन से भी लॉटरी भेजने का काम करते थे। पुलिस इस काम में लगे लोगों को चिन्हित करते हुए कार्रवाई कर रही है।

### पहले तो पुलिस ने हत्याकांड से पल्ला झाड़ा, बिना पोस्टमार्टम किये ऐंठ लिए डेढ़ हजार रुपये

# आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क जाम की, विधायक के हस्तक्षेप के बाद दुबारा हुआ शव का पोस्टमार्टम

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** पहले तो पुलिस ने हत्या को दुर्घटना साबित करने की कोशिश की, पर रेलवे पुलिस द्वारा हत्या की बात कहे जाने पर जरियागढ़ थाना की पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम कराने के लिए सदर अस्पताल खूंटी भेजा, पर पोस्टमार्टम कराने के नाम पर मृतक के स्वजनों से डेढ़ हजार रुपये वहां ऐंठ लिये गये। बाद में शव के अंतिम संस्कार के लिए जब शव के ऊपर की पट्टी हटाई, तो देखा कि शव का तो पोस्टर्माटम हुआ ही नहीं। इससे आक्रोशित ग्रामीणों ने शुक्रवार को सड़क पर शव को रखकर कर्रा-गोविंदपुर रोड को डेहकेला गांव के पास जाम कर दिया। मामला जरियागढ़ थाना क्षेत्र के डेहकेला गांव का है। जानकारी के अनुसार डेहकेला गांव के पारस नाथ महतो नामक 19 वर्षीय युवक का शव गुरुवार को रेलवे फाटक से लगभग 20 कदम दूर बरामद किया गया था। ग्रामीणों ने इसकी सूचना जरियागढ़ थाना की पुलिस को दी। पुलिस ने पहले तो यह कहकर अपना पल्ला झाड़ लिया कि युवक की हत्या नहीं, बल्कि रेल दुर्घटना में हुई है। बाद में इसकी जानकारी रेल पुलिस को दी गयी। शव को देखते ही रेल पुलिस ने साफ कर दिया कि युवक की टांगी जैसे हथियार से वार कर हत्या की गयी है। बाद में पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा। स्वजन शव को लेकर पोस्टमार्टम के लिए खूंटी गये। वहां के कर्मचारियों ने पोस्टमार्टम करने के नाम पर डेढ़ हजार रुपये ऐंठ लिये और बिना पोस्टमार्टम किये ही शव को परिवार वालों को सौंप दिया। मामला उजागर होने और सड़क जाम की जानकारी मिलने पर जरियागढ़ थाना की पुलिस के अलावा कर्रा की अंचलाधिकारी नगेशिया डेहकेला और सिविल सर्जन डॉ नागेश्वर मांझी पहुंचे और ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन ग्रामीण किसी उच्चाधिकारी को बुलाने की मांग पर अड़े रहे। बाद में विधायक कोचे मुंडा को मामले की जानकारी हुई, तो वे भी घटनास्थल पहुंचे और अधिकारियों और पुलिसकर्मियों को जमकर फटकार लगायी। अंचलाधिकारी ने भी घटना पर दुःख जताते हुए कहा कि यह मानवता के खिलाफ है। बाद में विधायक के समझाने पर ग्रामीणों ने जमा हटा लिया। तत्काल सहायता के तौर पर अंचलाधिकारी ने मृतक के स्वजनों को 15 हजार रुपये नकद दिये। मौके पर ग्रामीणों ने रकम ऐंठने वाले कर्मचारियों को बर्खास्त करने, हत्यारों को अविलंब गिरफ्तार करने, मृतक के परिवार वालों को 20 लाख रुपये का मुआवजा देने और परिवार के एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी देने से संबंधित मांगपत्र अंचलाधिकारी को सौंपा गया। शुक्रवार शाम को सिविल सर्जन की देखरेख में शव दुबारा पोस्टमार्टम कराया गया।


मृतक के स्वजनों को ढाढ़स बंधाते विधायक कोचे मुंडा।

#### कंप्यूटर कोर्स कर रहा था पारस नाथ

ग्रामीणों ने बताया कि पारस नाथ महतो काफी अच्छा लड़का था, उसका किसी के साथ झगड़ा नहीं था। उसकी हत्या से पूरे गांव में शोक की लहर है। वह इंटर पास करने के बाद कम्प्यूटर का कोर्स कर रहा था। बुधवार को शाम तक घर नहीं लौटने पर स्वजनों के साथ ग्रामीणों ने पारसनाथ महतो की काफी खोजबीन की, लकिन कुछ पता नहीं चला। परिवार वालों ने बताया कि फोन लगाने पर बुधवार रात्रि लगभग 7.30 बजे एक बार उसका फोन किसी महिला ने रिसिव किया। उन्होंने कहा कि उस समय दो-तीन बच्चों के रोने की आवाज सुनायी दे रही थी। उसके बाद फोन बंद हो गया। गुरूवार सुबह को डहकेला- गोविन्दपुर रोड़ रेलवे स्टेशन के बीच रेलवे ट्रेक के पास पारसनाथ महतो का शव देखा गया। शव से काफी दूर उसका मोबाइल फोन, हेड फोन और चप्पल जरियागढ़ पुलिस ने बरामद किया। जरियागढ़ के थाना प्रभारी ने कहा कि हत्या को लेकर प्राथमिक भी दर्ज की गयी है। कई बिन्दुओं पर पुलिस जांच कर रही है, जल्द सही मामले का खुलासा करते हुए अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

## स्थानीय को चुनाव में टिकट देने की वकालत

आजाद सिपाही संवाददात

**तमाड़।** तमाड़ डोरेया स्थित गुप्ता हॉल में रांची लोकसभा और खूंटी लोकसभा क्षेत्र के समाजसेवी सामाजिक कार्यकर्ता समेत अन्य ने बैठक की। इसमें सभी ने एक स्वर से स्थानीय लोगों को ही लोकसभा-विधानसभा सीटों में टिकट देने की मांग की। सभी ने एक स्वर से कहा कि स्थानीय लोगों को ही टिकट दिया जाये, बाहरी लोगों से क्षेत्र का भला नहीं हो रहा है। वे चुनाव जीत कर क्षेत्र को भुला देते हैं, जिससे स्थानीय मुद्दे गौन हो जाते हैं और जनता उनसे मिलने को तरस जाती है। बैठक में मुख्य अतिथि रांची विश्वविधालय के पूर्व रजिस्टार डॉ अमर कुमार चौधरी थे। बैठक की अध्यक्षता संजय मुंडा ने की। संचालन वृंदावन महतो ने किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि स्थानीय लोगों को नेतृत्व करने का दायित्व सौंपा जाये। यहां 40 प्रतिशत मिनरल है, फिर भी हम गरीबी की मार झेल रहे हैं। कहा कि 2047 में भारत एक विकसित राष्ट्र होगा। उन्होंने कहा कि गावों का विकास नहीं हुआ। शहरों का विकास हो रहा है। गांव अभी भी पहले जैसा ही है। गरीबी हटी नहीं, गरीबों को हटा दिया। नेहान महतो, दीनबंधु दास, चैतन पुरान, नरेंद्र कुमार दास, रंजीत लाहिरी, लक्ष्मन सिंह मुंडा, अनुप कुमार साहू समेत अन्य उपस्थित थे।



## चार वर्षों में हेमंत सरकार ने बेमिसाल उपलब्धि हासिल की : सुदीप गुड़िया

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** राज्य की हेमंत सरररकार के चार वर्ष पूरे होने पर झामुमो कार्यकर्ताओं ने तोरपा में शुक्रवार कों केक काटकर अपनी खुशी का इजहार किया। मौके पर झामुमो के केंद्रीय सदस्य और विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी सुदीप गुड़िया ने कहा कि अपने चार वर्षों के कार्यकाल में हेमंत सरकार ने बेमिसाल उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने गरीबों और ग्रामीणों के हित में कई योजनाए शुरू की है। मौके पर वरिष्ठ नेता हेमंत सोरेन ने कहा कि सरकार ने गांव की समस्या को दूर करने के लिए आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम की शुरूआत की थी। इसका भरपूर लाभ जनता को मिला। मौके पर झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष रूबेन टोपनो, संशांति कोंगाड़ी, मुखिया बुधराम कंडुलना, मटू खां, मुनवा ठाकुर सहित अन्य उपस्थित थे।



## भारत बंद को सफल बनाने को लेकर निकाला जुलूस

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** सरना धर्म कोड की मांग को लेकर सरना समन्वय समिति द्वारा 30 दिसंबर को आहूत भारत बंद को सफल बनाने के लिए समन्वय समिति के सदस्यों ने शुक्रवार को यहां मशाल जुलूस निकाला। रेल-रोड जाम सह भारत बंद को लेकर आम लोगों और व्यापारियों से सहयोग की अपील की। बताया गया कि आवश्यक सेवाओं को बंद से मुक्त रखा जायेगा। मौके पर सोमा मुंडा ने कहा कि सरना धर्म कोड भारत के लाखों प्रकृति पूजकों के अस्तित्व और अस्मिता की रीढ़ है। ऐसे में उन्हें उनकी धार्मिक आजादी से वंचित करना क्रूर मजाक है। वर्तमान केंद्र सरकार सरना धर्म कोड के वादे पर दोबारा सत्ता में आयी है। अब उनका कार्यकाल समाप्त होने जा रहा है। इसलिए हम अब ठगे हुए महसूस कर रहे हैं। ऐसे में हम भारत बंद जैसे आंदोलन करने के लिए मजबूर हैं।

उन्होंने कहा कि सामाजिक-धार्मिक संगठन 30 दिसंबर 2023 को सांकेतिक भारत बंद और रेल रोड चक्का जाम करने को बाध्य हैं। भारत बंद में सरना धर्म लिखने वाले 50 लाख प्रकृति पूजक और अन्य सभी सरना धर्म संगठन अपने-अपने गांव के पास एकजुट होकर प्रदर्शन करेंगे और बंद को सफल बनायेंगे। मशाल जुलूस में बिरसा कंडीर, महादेव मुंडा, सुभाषिनी पूर्ति, कुंवारी होरो, मोदेस्ता मुंडा, बुधराम मुंडा, सोमा मुंडा, अमृता मुंडा, करमी टूटी, मदीराय मुंडा, सुखराम मुंडा, कैलाश संगा, बुधराम बोदरा, सुखराम हस्सा आदि शामिल थे।



### पिपरवार के लुकइया के ग्रामीणों ने टंडवा अंचल को सौंपा ज्ञापन

## भूमि सत्यापन और वन पट्टा की समस्या का समाधान करने की मांग

आजद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बेंती पंचायत के अंतर्गत लुकइया गांव के ग्रामीणो ने टंडवा अंचल अधिकारी के नाम एक ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन के माध्यम से ग्रामीणो ने ग्राम सभा आयोजित कर गैरमजरूआ जमीन का भौतिक सत्यापन कैंप लगाकर गांव स्तर पर करने की मांग की है, साथ ही सामुदायिक और व्यक्तिगत वन पट्टा का आवेदन जो दिया गया है उसका जल्द निदान करने सहित अन्य मांग की गयी है। ज्ञापन सौंपने वालो में सुरेश उरांव, मनोज उरांव, राम कुमार उरांव, रतन गंझु, प्रेम गंझु, सोमा टाना भगत, राजकुमार उरांव, सुले उरांव, बोले उरांव, पर्वतीया देवी, सुखनी टाना भगत, लक्ष्मी, शिबू, कोलेश्वर गंझू, झमन गंझू, बंधन गंझु महावीर, करन, गोपी महतो, चरकु लोहरा, सुरेश उरांव सहित कई लोग मौजूद थे। इधर रैयत विस्थापित मोर्चा के एरिया उपाध्यक्ष प्रकाश महतो ने कहा कि अशोका वेस्ट परियोजना विस्तारीकरण में पांच गांव के लोगो की मांग है कि एक एकड़ में नौकरी और 40 लाख मुआवजा देने की मांग रखी गयी तभी अशोक वेस्ट खदान खोलने दिया जायेगा।



## गुटुहातू गांव में श्रमदान से ग्रामीणों ने बनाया बोरीबांध



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** जिले के तोरपा प्रखंड के गुटुहातू गांव में ग्रामसभा के लोगों ने सामुदायिक अर्थदान और श्रमदान से शुक्रवार को बोरीबांध का निर्माण किया। गांव के कालेट नाला पर जहां ग्रामीणों ने बोरीबांध बनाया है, वहां पिछले वर्ष जिला प्रशासन ने ग्रामीणों की मांग पर सोलर एरिगेशन सिस्टम का अधिष्ठापन किया था। इस गांव के लोग हर वर्ष 10 से 15 बोरीबांध का निर्माण कर जल संचयन करते हैं और यह उनके लिए सिंचाई का एक सशक्त माध्यम है। बोरीबांध बनाने की शुरूआत इस वर्ष शुक्रवार को ग्रामसभा के लोगों ने किया। गांव के हेरमन गुडिया ने बताया कि उनका गांव नदी नालों से घिरा है, लेकिन इसके पानी को रोकने का कोई उपाय उनके पास नहीं था। तब वे जनशक्ति से जलशक्ति अभियान से जुड़कर हर वर्ष काफी कम लागत में बोरीबांध का निर्माण करने लगे। उसके बाद से उन्हें सिंचाई के लिए पानी की कमी नहीं होती और गांव के कई किसान हर वर्ष सब्जी की खेती करते हैं। शुक्रवार को बोरीबांध निर्माण में श्रमदान करने वालों में हेरमन गुड़िया, मरकुस गुड़िया, मसीहदास गुड़िया, अल्फ्रेड गुड़िया, थियोडर गुड़िया, सनिका गुड़िया, मांगू गुड़िया, अरमान गुड़िया, कोमला गुड़िया, अलिशा गुड़िया, इसहाक गुड़िया, हीरामनी गुड़िया समेत गांव के अन्य ग्रामीण शामिल थे।

### पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र में कड़ाके की ठंड से लोग परेशान

## बढ़ी ठंड, अलाव के सहारे लोग

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस-पास के ग्रामीण इलाकों में कड़ाके की ठंड से लोग परेशान हैं। कोयलांचल क्षेत्र में घना कोहरा और शीतलहरी ने ठंड का प्रकोप काफी बढ़ा दिया है। मिली जानकारी के मुताबिक शुक्रवार को कोयलांचल में सुबह की शुरूआत घना कोहरे के साथ हुई। सुबह 10 बजे तक पुरा कोयलांचल क्षेत्र कोहरे की चपेट में रहा। इस दौरान आवागमन करने वाले दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों को कोहरे के कारण काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। सुबह 10 के बाद सूरज की किरण दिखाई पड़ने के बाद लोगों को थोड़ा ठंड से राहत मिली। वही दिन भर ठंडी हवा और रात में शीतलहरी का प्रकोप रहने से लोग कड़ाके की इस ठंड में कांपने को मजबूर हो गये हैं। कड़ाके की इस ठंड में सबसे ज्यादा परेशानी दैनिक मजदूरी करने वाले मजदूरों को हो रही है। वहीं कोयला खदानों में भी ठंड का असर देखने को मिल रहा है। कोहरे के कारण कई मशीनों का परिचालन भी बाधित है, जबकि ट्रांसपोर्टिंग सड़कों पर हाईवा डम्पर काफी संभल कर कोयला ढुलाई का काम कर रही है। ठंड के कारण क्षेत्र के प्रमुख बाजार और चौक चौराहा पर सन्नाटा पसरा हुआ है। शाम ढलते ही बाजारों की रौनक फीकी हो जा रही है। इधर ठंड से बचने के लिए कोयलांचल क्षेत्र के कई जगहों पर लोग अलाव जलाकर ठंड से बचने का प्रयास कर रहे हैं। ग्रामीण इलाकों में लोग अलाव के सहारे ठंड से बचने का उपाय कर रहे हैं। इस संबंध में स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि इस वर्ष का ठंड काफी ज्यादा है, लेकिन अभी तक सीसीएल प्रबंधन और जिला प्रशासन के द्वारा अलाव की कोई व्यवस्था नहीं किया गया है, जिसके कारण गरीब तबके के लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं कांग्रेस के चतरा जिला महासचिव अब्दुल कुदुस ने सीसीएल प्रबंधन एवं जिला प्रशासन से कोयलांचल क्षेत्र के प्रमुख बाजारों के अलावा ग्रामीण इलाकों में अलाव की व्यवस्था करने की मांग की है।



### पुलिस अधिकारियों को दिया गया चुनाव संबंधी प्रशिक्षण



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त लोकेश मिश्रा के निर्देश पर आगामी लोकसभा आम चुनाव 2024 के कार्यों के सफल संचालन कों लेकर शुक्रवार को समाहरणालय सभागार में डेडीकेटेड पुलिस पदाधिकारियों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रिंस गॉडवीन कुजूर ने चुनाव कार्यों के सफल संचालन के लिए मतदान से पूर्व पुलिस पदाधिकारियों को उनके दायित्वों, कार्य क्षेत्र व कार्य प्रणाली से विस्तार से अवगत कराया। मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान वलनरेबिलिटी मैंपिंग से संबंधित सभी प्रपत्रों को सही तरीके भरने की जानकारी दी गयी।

## महत्वपूर्ण खबरें

### आजसू की बैठक में संगठन विस्तार पर चर्चा




**बुंडू (आजाद सिपाही)।** आजसू प्रखंड समिति बुंडू की बैठक शुक्रवार को प्रखंड अध्यक्ष हरिहर महतो की अध्यक्षता में हुई। वरीय उपाध्यक्ष राजकिशोर कुशवाहा के आवास में हुई बैठक में संगठन के विस्तार पर चर्चा की गयी। इसके लिए पंचायत वार टीम और प्रभारी बनाया गया। बैठक में उपाध्यक्ष राजकिशोर कुशवाहा, ताराचंद सिंह मुंडा, भयभाजन महतो, रमेश कुमार मुंडा, मिहिर सिंह मुंडा, हरिहर महतो, गोवर्धन मछुवा, सिद्धार्थ मुंडा, उमेश चंद्र उरांव, योगेश्वर अहीर, प्रदीप कुमार महतो, दिलेश्वर महतो, देवनाथ महतो, सनातन सिंह मुंडा, जीत सिंह उपस्थित थे।

### नेशनल हेल्थ मिशन में स्टेट अकाउंट्स मैनेजर बने शुभम



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** बिचका टोली निवासी लखन महतो के छोटे पुत्र शुभम कुमार राज का चयन नेशनल हेल्थ मिशन में स्टेट अकाउंट्स मैनेजर के रूप में हुआ। शुभम कुमार राज के चयन से उनके परिवार में हर्ष का माहौल है।

### युवा कांग्रेस की बैठक आज

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** तमाड़ विधानसभा युवा कांग्रेस का कार्यक्रम 30 दिसंबर को बुंडू के सूर्य मंदिर में होगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व राज्य सभा सांसद प्रदीप बलमुचू, कांग्रेस के प्रदेश सचिव वेदप्रकाश मिश्रा युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव राजेश सिन्हा सन्नी, खूंटी लोकसभा प्रभारी कुलदीप कुमार, जिला अध्यक्ष रिशु कुजुर, अमरनाथ मुंडा, जिला महासचिव रोशन महतो उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी युवा कांग्रेस के तमाड़ विधानसभा अध्यक्ष नीतीश पांडेय ने दी।

### अनुराग टोपनो ने कंबल वितरित किया



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** एसडीएम संदीप अनुराग टोपनो ने शुक्रवार को बुंडू की बारुहातु तुंजू पंचायत और नगर पंचायत क्षेत्र में कंबलों का वितरण किया। कंबलों का वितरण बारूहातु, कड़काडीह और बुंडू के दर्जनों वृद्धों, असहायों के बीच किया गया। इस कड़ाके की ठंड में कंबल प्राप्त कर ग्रामीण बहुत खुश हुए। एसडीएम संदीप अनुराग टोपनो ने बताया कि कंबल वितरण का कार्य बुंडू प्रखंड क्षेत्र से शुरू की गयी है।

### अड़की में धान क्रय केंद्र खुला



**अड़की (आजाद सिपाही)।** अड़की प्रखंड मुख्यालय में मंत्री रामेश्वर उरांव ने जन सुनवाई की। धान क्रय केंद्र का उद्घाटन किया। जन सुनवाई मे लगभग 26 मामले आये, जिसमें कई का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया।

### बिजली की चपेट में आने से बिजली कर्मी की मौत

**ईचागढ़ (आजाद सिपाही)।** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के रघुनाथपुर गांव में बिजली का पीलर गाड़ रहे एक बिजली कर्मी का अचानक बिजली आ जाने से मौके पर ही उसकी मौत हो गयी। सुचना मिलते ही ईचागढ़ पुलिस घटनास्थल पर पहुंचे व पंचनामा के बाद लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सरायकेला सदर अस्पताल भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार बिजली बोर्ड की ओर से ठीकेदार सुधांशु कुमार के अंदर में पोल गाड़ने का काम कर रहे ठेका मजदूर देवघर जिला के करों प्रखंड के नागादुरी गांव निवासी 55 वर्षीय राम गुलाम मंडल 11 हजार वोल्टेज की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गयी। बताया जा रहा है कि सड़क किनारे बिजली तारों को ऊंचा करने के लिए नया खंभा गाड़ने का काम हो रहा है।

### 41 छात्राओं को प्रमाण और नियुक्ति पत्र दिया गया




**बुंडू (आजाद सिपाही)।** कल्याण गुरुकुल बुंडू के बैच नंबर 41 छात्राओं के बीच प्रमाण पत्र एवं नियुक्ति दिया गया। इस मौके पर लोकपाल मनरेगा पुष्प लता जायसवाल पुलिस के कंपनी कमांडर बीएन सिंह कल्याण गुरुकुल के प्रधानाध्यापक अजीत बाद प्रशिक्षक दीपक साहू एम इ बिंदे कुमार चौधरी निशा एवं कल्याण गुरुकुल के सदस्य और प्रशिक्षणार्थियों के अभिभावक मौजूद थे।

### बांस वन में हाथियों का प्रवेश, ग्रामीण दहशत में

**सोनाहातू (आजाद सिपाही)।** पूर्वी क्षेत्र के हेसाडीह जंगल से 40 की संख्या में हाथियों का झुंड बांस वन में प्रवेश कर गये है, जिससे आसपास के ग्रामीण काफी दहशत में है। हाथियों का झुंड सोनाहातू पंचायत, जिन्तु पंचायत, गलऊ पंचायत के दर्जनों गांव में उत्पात मचायेंगे। फसल को नष्ट करेंगे। समय पर इन्हें भागने की मांग ग्रामीणों ने किया है। हाथियों के झुंड ने चोगा गांव में 20 एकड़ में सब्जी की फसल को नष्ट कर चुके है। गुरुवार रात कुदाडीह गांव के किसान लखीन महतो का 3 एकड़ में लगे आलू फसल को खाया ओर नष्ट किये है। सेरेंगहातू गांव के प्रवीण महतो के भी 5 एकड़ में धान ओर सब्जी को नष्ट किये है। ग्रामीणों ने वन विभाग से हाथी भगाने की मांग किया है।

### डुमरगढ़ी के सात लोगों को मिलेगा वनाधिकार पट्टा



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त सह अध्यक्ष जिला वन अधिकार समिति, खूंटी लोकेश मिश्र की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला स्तरीय वन अधिकार समिति की बैठक हुई। इस दौरान जिला स्तरीय वन अधिकार समिति द्वारा कर्रा प्रखंड के डुमरगड़ी ग्राम के सात लाभुकों के व्यक्तिगत दावों को स्वीकृत किया गया। बैठक के दौरान राजस्व विभाग के पदाधिकारी, वन विभाग के पदाधिकारी, ग्राम वन अधिकार समिति एवं ग्राम सभा के प्रतिवेदन के आधार पर अनुमंडल स्तरीय वनाधिकार समिति से प्राप्त कर्रा प्रखंड अंतर्गत डुरगड़ी ग्राम के सात व्यक्तिगत दावों के लाभुकों को पट्टा वितरण कराने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। बैठक में परियोजना निदेशक आइटीडीए श्रीकांत यशवंत विसपुर्त, वन प्रमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिप अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित अन्य उपस्थित थे।

**कार्रवाई :** टेंडर, तिलता, काठीटांड़, नगड़ी, सतीश चौक व सपारोम में खोल रखा है दफ्तर

# तीन हाइटेक ठग गिरफ्तार

## नेटवर्किंग के जरिये लाखों रुपये कमाने का सपना दिखाकर बनाते थे शिकार

**अभिषेक नामक युवक से 40,500 रुपये ठगी, रातू थाने में दर्ज है शिकायत**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रातू।** नेटवर्किंग कर लाखों रुपये की कमाई करने का सपना दिखलाकर लोगों से मोटी रकम की ठगी करने के आरोप में पुलिस ने तीन हाईटेक ठगों को गिरफ्तार किया है। इसकी सूचना पर उनसे जुड़े अन्य लोग दफ्तर में ताला जड़कर फरार हो गये। उनका नेटवर्किंग मार्केटिंग कंपन्नी का ऑफिस रातू के काठीटांड, तिलता, टेंडर के अलावा नगड़ी, सपारोम, सतीश चौक में है। यहां ग्रामीण इलाकों के बेरोजगार युवकों को जाल में फंसाकर उन्हें प्रशिक्षण दिलाने के नाम पर लाखों रुपये की ठगी की जाती है। बिहार के अरवल जिले के पारसी थाना अंतर्गत कामता गांव निवासी आशीष कुमार से भी ठगों ने नेटवर्किंग मार्केटिंग कर एक- एक युवक के पीछे पांच-पांच लोगों को जोड़ने व उनसे लाखों रुपये की कमाई का स्किम बताकर उनसे 40 हजार 500 रुपये की ठगी की गई है। ठगे जाने का एहसास होते ही पीड़ित ने रातू थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। बताया कि मैट्रिक के बाद से वो काम की तलाश में था। इसी बीच फेसबुक में अभिषेक नाम के एक युवक से उसकी दोस्ती हुई। अभिषेक ने उसे बताया कि वह उत्तर प्रदेश के लखनऊ की एक नेटवर्किंग यूनिसन वोग प्राइवेट लिमिटेड नामक कंपन्नी में नौकरी करता है। जिसका ब्रांच रातू के टेंडर में है। जब वह रातू पहुंचा तो टेंडर में करीब 300 से भी अधिक युवक-युवतियां काम कर रही थी। कंपनी ने उसे तीन लोगों को जोड़ने पर 10 हजार रुपया बोनस के तौर पर और प्रति माह 18 हजार रुपए देने का लालच देकर उससे 45.500 रुपये की ठगी कर ली। सूत्रों की मानें तो यह ठगी उक्त संस्था में काम कर रहे लगभग सभी लोगों से की गई है।




पुलिस की गिरफ्त में तीन आरोपित व रातू के टेंडर में संचालित ठगों का दफ्तर ।

### पांच-पांच लोगों को जोड़ने का बनाया जाता था दबाव

भुक्तभोगी आशीष ने बताया कि कंपन्नी का मैनेजर अभिषेक अपने नीचे पांच लोगों का जोड़ने व पांच दिन के प्रशिक्षण के बाद उससे प्रति व्यक्ति 45 हजार 500 रुपया लेने का दबाव बनाता था। कंपनी में ब्लैक लिस्टेड करने की धमकी देकर काम कराया जाता था। इसके लिए उसने आशीष के पीछे दो लोग सूरज कुमार व चंदन पांडेय को लगा दिया गया था। जो प्रशिक्षण लेने आये युवकों का फोन रख लेते थे। प्रशिक्षण के बाद रुपये अकाउंट में आने के बाद फोन लौटा देते थे। ठगी के रुपये संजीत यादव नाम के एक युवक के अकाउंट में डलवाया जाता था। ठगी की शिकायत के बाद पुलिस ने रातू के टेंडर बगीचा स्थित ऑफिस में छापा मारकर तीन आरोपी बिहार के भागलपुर जिले के लोदीपुर थाना अंतर्गत ग्राम सरमसपुर निवासी मानिक राम के 22 वर्षीय पुत्र अभिषेक कुमार, कंपन्नी के हेड यूपी के चनदौली आईकोंडा थाना के देवापुर निवासी रमेश यादव के पुत्र संजीत यादव व भागलपुर जिले के ही मुजाहिदपुर थाना अंतर्गत मिरजानहट गांव निवासी सूरज कुमार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

# रांची सांसद ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं



ग्रामीणों के साथ कर उनकी समस्याएं सुनते रांची के सांसद संजय सेठ।

आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** रांची सांसद संजय सेठ ने शुक्रवार को महिलौंग पंचायत के महिलौंग गांव में पार्टी कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों के साथ बैठक कर उनकी समस्याएं सुनी। सर्वप्रथम ग्रामीणों ने सांसद का फूल माला पहनाकर स्वागत किया। बैठक में ग्रामीणों ने सांसद के समक्ष रेलवे लाइन में अंडर पास, स्वर्णरेखा नदी में श्मशान घाट तक जाने वाली सड़क एवं पुल निर्माण, स्वर्णरेखा नदी में चेक डेम एवं सिचाई के लिये पाइप-लाइन लगाने, बड़कुंबा में होरहाप के बांग्ला टोली से बिनहोर बेड़ा तक करीब दो किलोमीटर पथ एवं होरहाप नदी में पुल निर्माण, रेलवे पुल से नगड़ा टोली तक गडवाल निर्माण, रिंग रोड में सरना स्थल एवं वन विभाग के पास अंडर पास निर्माण की समस्या रखी। इस पर सांसद ने सभी योजनाओं को ग्रामसभा में पास कराने के बाद संबंधित विभाग से निदान कराने का आश्वासन दिया। साथ ही उन्होंने अधूरे नल-जल योजना पाइपलाइन के कार्य को शुरू कराने की बात कहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता टाटीसिलवे मंडल अध्यक्ष राजेंद्र महतो, संचालन अमृत महतो एवं धन्यवाद ज्ञापन मनोज महतो ने किया। बैठक में खिजरी पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, खिजरी विधानसभा सांसद प्रतिनिधि प्रमोद कुमार सिंह, महिलौंग मुखिया संदीप तिर्की, पूर्व महामंत्री सरयुग प्रसाद, पूर्व भाजपा नेता कामेश्वर महतो, सिदाम सिंह मुंडा, उमाकांत राय, मदन सिंह, रुनी देवी, सीता देवी, लालू महतो, समलनाथ महतो, महीराम महतो, श्याम महतो, रोहित महतो, मनोज महतो, शिवकुमार महतो, निखिल महतो, रजत कुमार, विजय महतो, चंदन महतो, बसंत महतो, दुबराज महतो, एतवा कच्छप और धरम महतो आदि उपस्थित थे।

# नववर्ष पर लापुंग व बेड़ो के पिकनिक स्थल सैलानियों के स्वागत को तैयार



आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** लापुंग व बेड़ो प्रखंड के पिकनिक स्थल नववर्ष के अवसर पर सैलानियों के स्वागत के लिए तैयार हैं। दोनों प्रखंड के प्रकृति की खूबसूरत वादियां पहाड़, जंगलों से भरे हैं, जो मन रोमांचित कर देते हैं। नववर्ष पर पिकनिक मनाने को लेकर सभी आयु वर्ग के लोगों में काफी उत्साह होता है। बेड़ो व लापुंग प्रखंड क्षेत्र में पिकनिक मनाने के लिए कई पर्यटक स्थल है। जिनमें बेड़ो प्रखंड मुख्यालय से सबसे कम दूरी पर करांजी डैम है। जामटोली गांव, जल पुरुष सिमोन बाबा का बांध व पारस डैम प्रमुख है। वहीं, लापुंग प्रखंड क्षेत्र में घघारी जलप्रपत व घघारी बाबा धाम मंदिर, सांई ग्राम मंदिर व सरसा लतरातु डैम दोनों प्रखंडो में सबसे अच्छी जगह है, जो प्रकृति के मनमोहक दृश्य से भरा है। रांची से लगभग 50 किलोमीटर दूर है। जहां नये वर्ष के स्वागत में लोग जुट गये हैं। यहां के पिकनिक स्पॉट हैं, जो प्राकृतिक सौंदर्य एवं प्राचीन अवशेषों से भरे पड़े है। घने जंगलों एवं उसकी गोद में प्राचीन काल से स्थापित मंदिर प्रकृति की सुंदरता में चार चांद लगाते है। इस स्थल की सुंदरता देखते ही बनती है। बेड़ो से करीब 10 किमी की दूरी पर स्थित यह प्राचीन शिव मंदिर काफी लोकप्रिय है। लोग यहां पूजा-अर्चना करने आते हैं और वनभोज का भी आनंद उठाते हैं। श्रावण महीने में तो यहां भक्तों की काफी भीड़ उमड़ती है। मकर सक्रांति में 14-15 जनवरी को मेला का आयोजन होता है। प्रखंड के सरसा गांव में स्थापित सांई मंदिर और लतरातू डैम पर भी पिकनिक मनाने वालों की अच्छी खासी भीड़ रहती है। प्रसिद्ध सांई मंदिर परिसर की प्राकृतिक सुंदरता को देखकर भी लोग काफी खुश होते हैं। यह रांची जिला व आसपास के इलाकों के लोगों के श्रद्धा का केंद्र भी है।

## एसएसवीएम स्कूल में संकुल स्तरीय वंदना सह गीत प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में शुक्रवार को एक दिवसीय वंदना सह मासिक गीत कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें बेड़ो संकुल के सभी विद्यालय काठीटांड, बिजुपाड़ा, पतरातू व लमकाना के स्कूली बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम का प्रारंभ कार्यशाला में आए अतिथियों द्वारा सामूहिक रूप से किया गया। प्रधानाचार्य सह संकुल प्रमुख उमेश नारायण सिंह ने अतिथियों का परिचय कराया। वहीं, कार्यक्रम में मुख्य प्रशिक्षक के रूप में आए रांची विभाग के संगीत प्रमुख सुश्री प्रिया ने वंदना एवं गीत के महत्व पर प्रकाश डाला। साथ ही विद्यार्थियों को वंदना एवं मासिक गीत का सस्वर अभ्यास करते हुए प्रशिक्षण दिया। मौके पर कार्यक्रम संयोजक लमकाना विद्यालय के प्रधानाचार्य दिलीप कुमार साहू, कुदलूम से सहयोगी प्रशिक्षक अलका, शिक्षक नीरज कुमार मिश्रा व निकिता चटर्जी आदि मौजूद थे।

## 33 हजार के विद्युत तार को बांस लगा कर बाधित, 7 घंटे तक हटिया-राजभवन फीडर बंद

**रातू (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के रिंग रोड तिलता निवासी राजेश कुमार महतो द्वारा अपने अर्धनिर्मित मकान के उपर गुजर रहे हटिया राजभवन फीडर को बांस लगाकर बाधित कर दिया। जिस कारण करीब सात घंटे तक पहाड़ी टोला, मधुकम, रातू रोड, हरमू रोड, गांधी नगर, कांके रोड, कांके चौक, पीएचइडी कांके में बिजकी आपूर्ति बंद रही। घटना 6 व 28 दिसंबर की है। बिजली आपूर्ति बंद रहने से विभाग को लगभग 2 लाख 20 हजार रुपये की क्षति हुई है। मामले को लेकर कनीय विद्युत अभियंता सुमन कुमार सिंह द्वारा रातू थाने में राजेश कुमार महतो के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

## मोबाइल फोन छीनकर फरार हुआ बाइकर्स गैंग

**रातू (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के संडे मार्किट के पास बाइक सवार अपराधी ने एक पैदल चल रहे छात्र से मोबाइल फोन छीनकर फरार हो गये। घटना गुरुवार की शाम 4.30 बजे की है। जानकारी के मुताबिक आमटांड ठाकुर बगीचा निवासी भीखम सिंह के पुत्र प्रतीक राज ट्यूशन के लिए पैदल ही फोन पर बातें करते हुए जा रहा था। तभी पीछे से आए बाइकर्स गैंग के एक सदस्य ने छात्र से उसका फोन छीनकर काठी टांड की ओर फरार हो गया। मामले को लेकर छात्र के पिता भीखम सिंह ने रातू थाने में अज्ञात अपराधियों के खिलाफ प्राथमिक दर्ज कराई है।

## मनरेगा मजदूरों की मजदूरी बाकी, अधिकारी-कर्मचारियों को चार महीने से वेतन नहीं मिला

**इटकी (आजाद सिपाही)।** प्रखण्ड के मनरेगा मजदूरों को मजदूरी का भुगतान करीब दो माह से, जबकि मनरेगा से जुड़े अधिकारी और कर्मचारियों को चार महीने से वेतन का भूगतान नहीं किया गया है। नवंबर महीने से अबतक मजदूरों का लाखों रुपये की मजदूरी बकाया हो चुकी है। समय पर मजदूरी का भुगतान नहीं होने से मजदूरों के समक्ष समस्याएं उत्पन्न हो गई है। वहीं मनरेगा के विभिन्न विकास योजनाओं में कार्य भी प्रतिकुल असर पड़ा है। मनरेगा से जुड़े दर्जणों मजदूर कार्य बंद कर दूसरे कार्य करने लगे है। प्रखण्ड क्षेत्र में 15128 मनरेगा मजदूर है। जिसमें 5904 सक्रिय मजदूर ही कार्य से जुड़े है। विकास योजनाओं में की गई मजदूरी प्रत्येक सप्ताह मजदूरों के बैंक एकाउण्ट में भेजे जाने का प्रवधान है। मजदूरों द्वारा लगातार मजदूरी करने के बावजूद उन्हे दो माह से मजदूरी भूगतान नहीं की गई है। प्रखण्ड क्षेत्र में मनरेगा योजना के तहत सिंचाई कुप, डोभा, कच्ची नाली, आवास और आम बागवानी सहित कई स्वीकृत लाभकारी योजना संचालित है।

## नगड़ी में कांग्रेस ने मनाया 139वां स्थापना दिवस

**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** नगड़ी प्रखंड के चिपरा पंचायत में प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सहावीर लोहरा की अध्यक्षता में पार्टी का 139 वां स्थापना दिवस मनाया गया। नगड़ी प्रखंड अध्यक्ष सहाबीर लोहरा ने कहा कि आज पूरे देश में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने सभी जगह प्रखंड पंचायत एवं बूथ स्तरीय तक पार्टी का झंडोतोलन कर स्थापना दिवस मनाया। मौके पर चिपरा पंचायत के अध्यक्ष चमरू उरांव, महिला कांग्रेस की अध्यक्ष उषा देवी, जतरी देवी, लक्ष्मी देवी आदि मौजूद थीं।

# कार्यकर्ता ही संगठन की रीढ़ हैं: सन्नी टोप्पो

**भाजपा ने कार्यकर्ता सम्मेलन सह वनभोज का किया आयोजित**




आजाद सिपाही संवाददाता

**चान्हो।** भाजपा के बीजूपाड़ा मंडल और चान्हो मंडल के संयुक्त तत्वाधान में शुक्रवार को बुचा ओपा डैम के सामने कार्यकर्ता सम्मेलन सह वनभोज का आयोजन किया गया। उपस्थित भाजपा के युवा नेता सन्नी टोप्पो ने कहा कि सरकार विकास के खोखले दावे कर रही है। जबकि सच्चाई यह है कि झारखंड के युवा नौकरी के लिए भटक रहे हैं। परीक्षा की तैयारी कर रहे युवा ठगे जा रहे हैं। बालू के अभाव में गरीबों, मजदूरों को काम नहीं मिल पा रहा। मांडर विधानसभा में आज भी बहुत ऐसे गांव है जहां सड़क का निर्माण नहीं हुआ है। लापुंग प्रखंड में आज भी एटीएम की सुविधा ग्राहक को नहीं मिल रही है। उन्होंने कहा कि आज आदिवासियों को बरगलाकर उनका हक छीना जा रहा है। वहीं पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर ने कहा कि भाजपा का जनाधार उनके कार्यकर्ता ही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि भारत सरकार की जनोपयोगी योजनाओं को हर एक आदमी तक पहुंचाएं। साथ ही योजनाओं से वंचित लोगों को लाभ पाने में मदद करें। उन्होंने झारखंड सरकार पर भी निशाना साधा। कहा कि आज राज्य में भ्रष्टाचार चरम पर है। लोगों से अपील की कि ऐसी सरकार से सचेत रहने की जरूरत है। अपना प्रतिनिधि अपने लोगों के बीच से चुनें। आज हमारा हक कोई और छीन रहा है। कार्यक्रम का संचालन विजय कुमार महतो ने किया। मौके पर रांची जिला ग्रामीण अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार महतो, सोनी तब्बासुम, शफीक अंसारी, कैलाश गुप्ता, भोगेन सोरेन, सतीश साहु, अरविन्द सिंह और सतानंद सिंह आदि मौजूद थे।

# लापुंग में झारखंड आंदोलनकारियों की बैठक



आजाद सिपाही संवाददाता

**लापुंग।** प्रखंड मुख्यालय प्रांगण में शुक्रवार को झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रखण्ड अध्यक्ष कमलेशवर सिंह ने की। बैठक में झारखंड बनने के बाद से दो दशक बीत जाने के बाद भी उनको मान सम्मान, पेंशन, गंभीर बीमारी के इलाज की सुविधा नहीं मिलने आदि को लेकर चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी के रहते संयुक्त बिहार के समय यहां के लोगों की मांग दिल्ली तक पहुंची थी। यहां के लोगों की मंशा को भांप कर झारखंड राज्य का गठन किया। मांग की गई कि राज्य सरकार आंदोलनकारियों को सूचीबद्ध कर सम्मान दे। शिविर लगाकर झारखंड आंदोलनकारियों को चिन्हित करें। मौके पर सचिव बिरसा मुंडा, जुनास बरलाके आदि शामिल थे।

# अनगड़ा के तुरूप गांव में मवेशियों में फैली अज्ञात बीमारी, दो की मौत



आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** प्रखंड के तुरूप गांव में मवेशियों में अज्ञात बीमारी फैलने से ग्रामीण चिंतित हैं। शुक्रवार को कुंती देवी नामक एक महिला की एक गर्भवती गाय व बछड़े की अचानक मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक गाय एवं बछड़ा इस दिन सुबह तक स्वस्थ थे। सामान्य दिनों की तरह दोपहर में चरवाही के बाद जब मवेशी वापस घर लौटे तो अचानक दो मवेशियों के मुंह से झाग निकलने लगा। जब तक परिवार के लोग कुछ समझ पाते तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। इधर, सूचना पाकर प्रखंड युवा कांग्रेस के अध्यक्ष विशाल स्वांसी पीड़ित परिवार के घर पहुंचे और मवेशियों की हुई अचानक मौत को लेकर परिवार से जानकारी प्राप्त की। विशाल स्वांसी नें प्रखण्ड पशुपालन विभाग के चिकित्सकों से फोन पर संपर्क किया और इसकी चिकित्सा जांच कर प्रभावित परिवार को आपदा प्रबंधन से उचित मुआवजा देने के लिए कार्रवाई की मांग की।

**सेवा :** घासी समाज संघ ने जरूरतमंदों में बांटा कंबल एवं गर्म कपड़े

# गरीबों की मदद करना हर इंसान का फर्ज : भानु नंदू बाबा

## मानव सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं: डॉ रिझू नायक



गरीब-जरूरतमंद लोगों के बीच गर्म कपड़े वितरित करते झारखंड राज्य घासी समाज के लोग।

आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** ठंड को ध्यान में रखते हुए झारखंड राज्य घासी समाज संघ के तत्वावधान में शुक्रवार को महेशपूर बगान टोली में सैकड़ों जरूरतमंदों के बीच कंबल, गर्म कपड़े एवं स्कूली बच्चों के बीच बैग का वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में शामिल समाज के संरक्षक भानु नंदू बाबा के अलावा समाज संघ के केंद्रीय अध्यक्ष डॉ रिझू नायक, विजय आनंद नायक, सोनी नायक, विनीता पाठक नायक, रशांति देवी, जीतवाहन नायक, हरि मुखियार, जलधर नायक एवं राजकुमार नायक थे। इस अवसर पर सैकड़ों असहाय निर्धन लोगों के बीच कंबल और जैकेट का वितरण किया गया। वहीं स्कूली बच्चों के बीच बैग एवं अन्य शिक्षण सामग्री बांटे गए। इस अवसर पर भानु नंदू बाबा ने कहा कि मनुष्य के जीवन की सार्थकता तब है जब वह गरीबों और असहायों की सेवा करे। मानव जीवन का यही सबसे बड़ा कर्तव्य है। वहीं, डॉ रिझू नायक ने कहा कि मानव सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है। मानव जीवन का सच्चा अर्थ गरीब व जरूरतमंदों की मदद करना है। उन्होंने कहा कि ठंड के इस मौसम में जरूरतमंदों को राहत पहुंचाना सबसे बड़ा पुण्य का काम है। कार्यक्रम को सफल बनाने में आयोजन समिति के विजय नायक, कलेश नायक, राजेश नायक, राजेंद्र नायक, रवि नायक, श्यामसिंह नायक, फौलसिंह नायक, अमित नायक, महानंद नायक, नंदू नायक आदि का सराहनीय योगदान रहा।

# नवनिर्वाचित सदर सचिव को किया गया सम्मानित



आजाद सिपाही संवाददाता

**रातू।** फुटकलटोली के जमा मस्जिद में शुक्रवार को अंजुमन इस्लाहुल मोमिनीन कमेटी के नव निर्वाचित सदर हाजी शरीफ व नायब सदर मोख्तार शाह को फुटकलटोली चुनाव निगरा कमेटी के अध्यक्ष सचिव व कोषध्यक्ष की ओर से पगड़ी, फुल माला व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। जामा मस्जिद फुटकल टोली के खतीब व इमाम डॉ दिलदार मिस्बाही ने हलफ दिलाया। इस मौके पर प्रखंड अंजुमन इस्लामिया रातू के सदर अताउल्लाह अंसारी, खजांची व नायब सचिव को भी चुनाव कमेटी की ओर से सम्मानित किया गया।

